तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024



11 फर्नीचर वर्कशाप में लगी आग, युवक पर आरोप



12 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महम में 6 अप्रैल को








## खबर संक्षेप

### काहनौर-बेरी रोड पर हादसा, व्यक्ति की मौत

**कलानौर।** काहनौर बेरी रोड पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायत में रामदास निवासी सिमरिया पीलीभीत यूपी ने बताया कि वह मजदूरी करता है। 23 मार्च को उसके चचेरे भाई प्रमोद ने सूचना दी कि तुम्हारे भाई रुपराम की काहनौर बेरी रोड नियर वावरिया ढाणी के पास हादसे में मौत हो गई है।

### सांपला: परीक्षा देने गई छात्रा लापता

**सांपला।** गांव बखेता से पेपर देने गई छात्रा लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बखेता निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी गांव कन्साला में 12वीं कक्षा का पेपर देने 22 मार्च को गई थी जो कि पेपर देकर घर पर वापिस नहीं आई। पुलिस जांच शुरू कर दी है।

### एजेंसी संचालक से दो अंगूठी ठगी

**रोहतक।** जींद रोड पर रविवार सुबह एक एजेंसी संचालक से ठग ने दो अंगूठी ठग ली और फरार हो गया। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जाचं शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में दलबीर निवासी भारत नगर गुजरों की ढाणी भिवानी हाल किरायेदार राजेन्द्रा कालोनी ने बताया कि उनकी जींद बाइपास चौक रोहतक पर ई-रिक्शा की एजेंसी है। रविवार सुबह वह स्कूटी पर एजेंसी जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार ने उसे रोक लिया और एक पर्ची दिखाकर बोला कि जो भी पर्ची तुम थैले से निकालोगे, वह ईनाम में डबल करके देगा। उन्होंने उसे बातों में ले लिया और कहा कि अगुंठियों के भी डबल रुपये करके दे देगा।

### रेलगाड़ी के नीचे आने से युवक की मौत

**रोहतक।** रोहतक-समरगोपालपुर रेलवे लाइन पर पुल के पास एक युवक रेलगाड़ी के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। जीआरपी एसआई जोगेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच के आधार पर ये सामने आया है कि युवक ने आत्महत्या की है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई डेड हाउस रखवा दिया गया है।

*शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई*

*30 स्थानों पर की गई नाकाबंदी*

# होली पर मचाया हुड़दंग तो पुलिस करेगी कार्रवाई

## नाकों पर हर वाहनों की जांच शुरू, आईटीबीपी के जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

होली पर हुड़दंग करने वाले लोगों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। इसके लिए एसपी ने प्लान तैयार किया है। जिसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 से अधिक जगहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान की जा रही है। रविवार शाम से लगाए गए नाके सोमवार दोपहर और शाम तक लगाए जाएंगे। एसपी हिमांशु गर्ग ने सभी एसएचओ, चौकी प्रभारी, पीसीआर व राइडर को अलर्ट रहने के लिए सचेत किया है। रिहायशी कॉलोनियों के अलावा बाजारों में भी सादे कपड़ों में पुलिस तैनात की गई है। नाकाबंदी के दौरान आईटीबीपी के जवान भी तैनात किए गए हैं। जो जरूरत पड़ने पर बिगड़ती कानून व्यवस्था को सम्भालेंगे। एसपी ने नाकाबंदी का निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए। सभी डीएसपी भी अपने एरिया में एसएचओ और राइडर, पीसीआर की निगरानी करेंगे।



**रोहतक।** भिवानी स्टैंड के पास तैनात आईटीबीपी के जवान व पुलिस बल तैनात।



**रोहतक।** किला रोड मार्केट में तैनात पुलिस बल तैनात व आईटीबीपी के जवान। फोटो : हरिभूमि

**यहां यहां है नाकाबंदी:** सुखपुरा चौक, सोनीपत स्टैंड, अशोक चौक, झज्जर रोड, सरकूलर रोड, जींद रोड, भिवानी रोड, हिसार रोड, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड पर पुलिस ने नाके लगाए हुए हैं। जहां ट्रैफिक पुलिस के जवान भी तैनात हैं। इस दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

**होटलों पर भी नजर:** पुलिस इसके अलावा होटल और पार्कों पर भी नजर रख रही है। पुलिस ने होटल संचालकों को दिशा निर्देश जारी किए है। इसके अलावा हॉस्टलों पर भी निगरानी की जा रही है।

### सद्भाव से मनाएं पर्व

सभी शांति एवं सद्भाव से त्योहार मनाएं। सभी थाना प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। नाकों पर वाहनों की जांच की जा रही है। बाजार, कॉलोनियों में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। हुड़दंग करने वालों पर सख्त नजर रखी जा रही है। जो भी कानून तोड़ेगा उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। **-हिमांशु गर्ग**, एसपी रोहतक



### आरटीएच वालंटियर्स ने खेली तिलक होली

**रोहतक।** सामाजिक संस्था रेडी-टू-हेल्प आरटीएच ने होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें तिलक होली खेलकर लोगों को फाग वाले दिन पानी बचाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष विजय कुमार सैनी ने की जबकि सैनी एजुकेशन सोसायटी के पूर्व प्रधान प्रेम सिंह सैनी व पूर्व मैनेजर रघुबीर सिंह मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित थे। विजय सैनी ने बताया कि आरटीएच की स्थापना होली के दिन ही साल 2018 में पानी बचाओ साइकिल रैली निकालने के साथ की गई थी लिहाजा आज आरटीएच की छठी वर्षगांठ भी थी। आरटीएच वालंटियर सुनील सैनी ने बताया कि आरटीएच ने पिछले सालों के दौरान समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा की है।

### चुनाव लड़ने से घबरा रही है कांग्रेस, भाजपा सभी 10 सीट जीतेगी: डॉ. अरविंद शर्मा



**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने रविवार को शहर में होली मिलन समरोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस घबरा रही है, क्योंकि पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की लहर है। इस बार भी प्रदेश की दस की दस सीटों पर भाजपा प्रत्याशी ही जीत दर्ज करेंगे। सांसद ने कहा कि अब तो कांग्रेस को सत्ता के सपने लेने भी छोड़ देने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में भारत मजबूत हुआ और विश्व में भारत को अलग पहचान मिली है। सांसद ने कहा कि कुछ कांग्रेस नेता पर्ची नीति की बात करके युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उन नेताओं को भी पता चल गया है कि अब उनका दौर खत्म हो चुका है। सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों को पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि राज्यसभा से त्याग-पत्र देकर दीपेंद्र हुड्डा मैदान में आएं तो पता चल जाएगा, लेकिन दीपेंद्र हुड्डा अपने दोनों हाथों में लड्डू रखे हुए है। सांसद ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताअरं में गजब का जोश है और जल्द ही बाकि बची सीटों पर भी घोषणा हो जाएगी और सभी दस सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी।








### पूर्व मंत्री अनिल विज ने जताया शोक मनीष ग्रोवर परिवार को ढांढस बंधाया

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज रविवार को पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के बड़े भाई सुंदर दास ग्रोवर के निधन पर शोक जताने पहुंचे। उन्होंने ग्रोवर परिवार को ढांढस बंधाया। आपको बता दें कि पूर्व मंत्री ग्रोवर के भाई सुंदर दास ग्रोवर कई दिन से अस्वस्थ थे और हार्ट अटैक के चलते उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी 13वीं रस्म क्रिया 28 मार्च को शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 से 3:30 बजे तक होगी। पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि ग्रोवर परिवार की एक अलग पहचान है। यह परिवार लोगों के सुख और दुख में सदैव खड़ा रहा है। इस दौरान उन्होंने परिवार के अन्य लोगों से मुलाकात की। अनिल विज ने कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और सभी का हाल-चाल पूछा। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, प्रेम ग्रोवर, पवन आहूजा, हिमांशु ग्रोवर, ईश्वर सिंगल, कपिल नागपाल और एडवोकेट सुरेंद्र माडु मौजूद रहे।

### प्रदेश में बढ़ते नशे को लेकर एचयूडब्लयूजे ने जताई चिंता

■ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**रोहतक।** प्रदेश में बढ़ रहे नशे को लेकर हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस बाबत यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ने नशे पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इस बारे जरूरी कदम उठाने की मांग की है। यूनियन ने कहा कि है बढ़ रहे नशे के चलते युवाओं की जिंदगी खराब हो रही है और मौत के मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। यहां तक कि प्रदेश के दस जिलों में तो नशे के मामलों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। पंजाब, राजस्थान व दिल्ली की सीमा से लगते दस जिले टॉप टेन में शामिल हैं। नशे को लेकर दर्ज आंकड़े भी साबित कर रहे हैं कि हर रोज नशे के मामले में बढ़ोतरी हो रही है, इसे रोका जाना चाहिए।









# John Wesley Convent

John Wesley Convent Rohtak — Soaring High is My Nature

An ISO 9001 : 2008 Certified, Affiliated to C.B.S.E. Sr. Sec. School

**TOTAL AWARDS - 921+ International-39, National-153, State-242, District-487**

**John Wesley Convent provides a holistic approach to education so there is no need for any sort of tuition or coaching.**

**100% SCHOLARSHIP** on the basis of Scholarship Test / Board Result




- Child Centric Education
- Project Based Learning
- STEAM (Science, Technology, Engineering, Arts and Mathematics) Education
- English Language Education
- Career Advisory Cell
- Scholarship for Meritorious Student
- State-of-the-Art Laboratories
- Sports
- Social and Emotional Learning

**Scholarship Exam on :**
**26, 29 March & 7 April 2024**
**from 3rd to 11th Grade**

## SIP School Integrated Program

Class XI-XII | JEE (Mains & Adv.) | Medical

VII | VIII | IX | X | NTSE | Olympiads

JWC ties up with the best faculty of Rohtak for SCHOOLING and COMPETITIVE Exams for students of Classes 9th to 12th respectively.

An Entrance Exam Preparation Programme (CLAT / IPM / TISS / HSEE / CUET / SET / SAT) for **COMMERCE** & **HUMANITIES** students

**Call for Free Registration :**
**9254122533, 9254322533**



**John Wesley Convent** (Senior Wing)
Gohana Road, Rohtak
92543-22533

**Shining Stars**
DLF Area, Rohtak
73578-01234

**Shining Stars** (GALAXY WING)
Kath Mandi, Rohtak
94671-76510

www.johnwesleyconvent.com
info@johnwesleyconvent.com

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार 25 मार्च 2024



## कोटा क्लासिज में छात्रों ने मनाया रंगोत्सव


**रोहतक।** कोटा क्लासिज मॉडल टाउन में अध्यापकों व विद्यार्थियों ने होली का उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया। छात्रों ने अपने साथियों को रंग लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस उत्सव ने कोटा क्लासिज में मित्रता और आनंद की भावना को बढ़ावा दिया।

# फर्नीचर वर्कशाप में लगी आग, युवक पर आरोप

■ दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आर्य नगर संजय नगर में स्थित फर्नीचर वर्कशाप में रविवार तड़के आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल केंद्र कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दो घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक काफी सामान जलकर खाक हो गया। फर्नीचर वर्कशाप के मालिक ने एक युवक पर शक जताया है। पुलिस



मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में गुलशन कुमार निवासी सिविल रोड ने बताया कि 24 मार्च सुबह उन्हें सूचना मिली कि संजय नगर में स्थित उनकी वर्कशाप में आग लग गई है। वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर आकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक अधिकरी सामान जल गया और छत भी गिर गई। जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। हादसे में फर्नीचर का सामान व मशीनरी जलकर नष्ट हो गए। उन्हें 20 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उन्होंने वर्कशाप के पड़ोस में ही रहने वाले युवक पर आग लगाने का शक जताया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**धूमधाम से मनाया होली पर्व : सांपला।** इलाके में रविवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह महिलाएं नए वस्त्र पहनकर गीत गाती हुई होली स्थल पर पहुंची और सुख शांति समृद्धि के लिए पूजा की। पूजा के दौरान गाय के गोबर से बने उपले होली में डाले गए और आटे बेर गुड़ से पूजन किया गया। बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला।

## सर्व ब्राह्मण महासभा ने मनाया फाग उत्सव



**रोहतक।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर बड़ा बाजार में फाग उत्सव का आयोजन किया गया, मुख्यातिथि अनिल विज मोनू मालिक रहे। समस्त भक्तों ने भजन गाए और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रधान रमेश चंद शास्त्री, उप प्रधान काली चरण शर्मा, सचिव पवन भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा, प्रचार मंत्री योगेश कौशिक, सलाहाकर नवल, विवेक, दीपक, कान्हा, दीनदयाल, संतोष, ओमप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।



## सरकार के इशारे पर पुलिस ने कुरुक्षेत्र में किया लाठीचार्ज : हुड्डा

**रोहतक।** आप के प्रदेश संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन चलाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन में जिस तरह आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई भाजपा सरकार के इशारे पर हुई है। इस पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को निशाना बनाकर जानबूझकर उनके सिर पर वार किया गया, उनको गंभीर चोट मारी गईं। जिससे वे घायल होकर सड़क पर गिर गए। महिला कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है।

■ सीएम आवास पर प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं पर हुआ था लाठीचार्ज



**रोहतक।** तनिष्क के रोहतक स्टोर पर होली मनाते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## तनिष्क की टीम ने मनाया होली मिलन समारोह

**रोहतक।** होली के अवसर पर मानसरोवर पार्क के पास तनिष्क के रोहतक स्टोर पर होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह को बरसाने में खेले जाने वाली फूलों की होली की तरह ही मनाया गया। ग्राहकों के लिए भिन्न-भिन्न रंगों के फूलों का प्रबंध किया गया। इस समारोह में सभी ग्राहकों का स्वागत गुलाल का टीका लगाकर किया गया। होली के इस समारोह में होली के अनुसार गेम खिलाए गए, जिसमें ग्राहकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# श्रद्धालुओं ने श्री जी का जलाभिषेक किया



**रोहतक।** सिद्धों के समूह की अराधरना कर रहे हैं, धर्म चक्र में विराजमान होकर तीन चक्र है संसार चक्र, धर्म चक्र व सिद्ध चक्र। ये शब्द सेक्टर एक स्थित भगवान पारसनाथ दिगंबर जैन गजरथ मंदिर में 8 दिवसीय संगीतमय सिद्धचक्र महामंडल विधान के आठवें दिन श्रुत सागर महाराज ने कहे। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में दर्शन करने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने महाराज से आर्शीवाद लिया। सभी श्रद्धालुओं ने श्री जी का जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान समूचय पूजन, पंचमेरू पूजन, भगवान पार्श्वनाथ पूजन, भगवान महावीर स्वामी पूजन के साथ सिद्धचक्र विधान के 1024 श्लोकों के साथ अष्टद्रव से बना महाअध्र्य भगवान के चरणों में समर्पित किया गया। इस अवसर पर रीटा जैन, संध्या जैन, दीपा जैन, स्मृद्धि जैन, मधु जैन, उमा शर्मा, गौतम जैन, सिद्धार्थ जैन, बलजीत राय जैन, शलैन्द्र जैन, अनिल जैन, प्रदीप जैन, विकास जैन, मनीष जैन, सौरव जैन आदि उपस्थित रहे।

## संकट मोचन मंदिर में भक्तों ने खेली फूलों से होली



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में रविवार को फाल्गुण माह की पूर्णिमा धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई। साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों को प्रवचन देते हुए बताया कि फाल्गुन माह की पूर्णिमा बेहद शुभ होती है। इस दिन का उपवास रखने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की का आशीर्वाद मिलता है। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि होली प्रकृति और प्रेम में लीन होने का त्योहार है। उन्होंने सभी को तिलक लगाकर व फूलों से होली खेल कर सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

ADMISSION OPEN
प्रेम और सौहार्द के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Salient Features
Robotics Lab • Regular Spoken English Classes • Mid Brain Activation Classes • Cricket Academy • Taekwondo • Basket Ball • Kabaddi • Skating
Director Krishan Kumar Dahiya
HIMALAYAN PUBLIC SCHOOL
Add : Prem Nagar, Rohtak Mob. : 9813169005

School Code : 20656 Ph. : 01262-267682
S.B. MODEL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi (Affiliation No. 531083)
Run by : Neta Ji Education Society (Regd.)
BHIWANI ROAD, ROHTAK-124001 (HARYANA)
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए
श्रीमती कृष्णा रोहिल्ला प्रधानाचार्य

A BRANCH OF REPUTED CHANDIGARH SCHOOL
STEPPING STONES SCHOOL
SESSION 2024-25
ADMISSION OPEN
PRE-NURSERY TO CLASS II
NO ADMISSION FEE FOR LIMITED PERIOD
wish you a VERY HAPPY Holi
Low Teacher Student Ratio (1:10)
Value Based Quality Education
Spl. Focus on Spoken English
Multi Intelligence Enabled Curriculum
Top Ranking School
SUNCITY HEIGHTS, SECTOR 36-A
Near Rajiv Gandhi Sports Complex, Rohtak
864 095 1000, 946 835 9510

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, दत्तौड़
& KIDS CASTLE MAIN BAZAR, SAMPLA
Affiliated to C.B.S.E. | E-mail : askaushik9@gmail.com M. 9050141414
ADMISSION OPEN 2024-25
WISH YOU A VERY HAPPY Holi
अतर सिंह कौशिक
संतोष कौशिक

ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल
कारौर, जिला रोहतक, फोन : 9034014941
E-mail : gfskaror@gmail.com
ADMISSION OPEN 2024-25
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
ईश्वर सिंह मलिक निदेशक
ज्योति दलाल प्राचार्य

हिन्दू शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदर्शन धींगड़ा प्रधान

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

VIDYA PARKASH PUBLIC SCHOOL
English Medium & Co-education
Permanent Recognized, Affiliated to HBSE
आप सभी रोहतक वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Session 2024-25 ADMISSION OPEN
ASHOK KUMAR (Advocate) M.D.
Kanheli Road, Rohtak, M.: 94165-15698
vidyaparkashmiddleschool@gmail.com

M.S. SARASWATI SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE | Affiliation No- 530246) Achieving Excellence Together...
Gymnasium Classes & All Facilities Free of Cost for Students of M.S. Saraswati Sr. Sec. School
45 YEARS OF EXCELLENCE
Features Available for Class I - XII
Science labs - physics/ chemistry/ biology lab/IT lab
Dance Hall - Regular
Gymnasium
All AC classrooms
New age 4k Smart Classes
English spoken Classes
Transport facility
Own sports Ground
Sports Facilities - Taekwondo, Skating, Kabaddi
Cricket without any separate charges
ADMISSION OPEN
wish you a VERY HAPPY Holi FESTIVAL OF COLORS
Add. :- GAUKARAN ROAD, SHORA KOTHI, MATA DARWAJA, ROHTAK
E-mail ID : saraswatirohtak@gmail.com M.S.Saraswati
7206129148, 9350866122

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पतियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पतियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पतियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
SWEEPER 2
नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE | HUMANITIES | COMMERCE | APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बेसमेंट के अंदर।

# चुनाव की तैयारी : चारों विस में सेक्टर मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

पुलिस बल के साथ रहेंगे तैनात कानून व्यवस्था बनाए रखने का उद्देश्य


रोहतक। जिला मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला के अंतर्गत आने वाली चारों विधानसभा क्षेत्र रोहतक, महम, कलानौर व गढ़ी-सांपला-किलोई में सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान केंद्र अलॉट किए गए हैं। जारी आदेश के तहत रोहतक विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई विभाग के एसई सत्येंद्र कादयान, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन नरेंद्र सिंघरोहा, वीटा कोऑपरेटिव सोसाइटी के असिस्टेंट इंजीनियर वाशु दलाल, सांपला जल सेवाएं डिवीजन रोहतक के एक्सईएन राजीव कुमार, मिकाडा के एक्सईएन अंशुल कादयान, बिजली निगम के एसडीओ राम प्रसाद, कृषि विभाग के टीए मोहित कुमार, मत्स्य विभाग के उपनिदेशक रमेश कुमार दांगी, हाउसिंग बोर्ड के एक्सईएन राजपाल सिंह की ड्यूटी लगाई है।

### महम की जिम्मेदारी सौंपी

पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन फुल सिंह, कृषि विभाग के संदीप सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के दीपक, एमएसएमई विभाग के सहायक निदेशक रविंद्र सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सईएन अरुण मुंजाल, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन विजय दलाल व बिजली निगम के रामेंद्र मलिक को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।महम विधानसभा क्षेत्र के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रामकिशन शर्मा, ऑपरेशन सर्कल के एसई जितेंद्र सिंह नारा, लोक निर्माण विभाग के एसई सुखबीर सिंह, पंचायती राज विभाग के एसडीओ यादवेंद्र सिंह, बिजली निगम के गगन पांडे, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आरओ सचिन, कृषि विभाग के हरीश कुमार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नवीन कुमार, बागवानी विभाग के विनीत कुमार, उप श्रम आयुक्त विकास हुड्डा को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है।

### कलानौर में इनका जिम्मा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रदीप कुमार, एचएसआईआईडीसी विभाग के असिस्टेंट जनरल मैनेजर अशोक कुमार, हरियाणा स्टेट वेयर कारपोरेशन के डीएम रोहतास दहिया, कंस्ट्रक्शन डिविजन नंबर 8 के एसडीओ आशुतोष नरवाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सुरजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी गोदारा, हैफेड के डीएम राजेश, हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल ब्यूरो के एसडीओ सचिन, कृषि विभाग महम के राकेश कुमार व कृषि विभाग रोहतक के हरीश कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।कलानौर विधानसभा क्षेत्र में एचएसवीपी रोहतक के एक्सईएन जगमाल, यमुना जल सेवाएं सर्किल रोहतक के एक्सईएन राजेश, कंस्ट्रक्शन डिविजन के एक्सईएन अरुण कुमार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन तरुण गर्ग, वीटा प्लांट रोहतक के जीएम जयबीर सिंह।

### सांपला-किलोई इनके हवाले

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के रवि कुमार, पंचायती राज विभाग के नवीन कुमार तथा पंचायती राज विभाग के गिरीश बत्तरा को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के लिए कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद, लोक निर्माण विभाग के विश्वनाथ, बिजली निगम के प्रदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के नवीन दहिया, योजनाकार विभाग के एटीपी संदीप हर्षा, एसएडीओ रोहतक बलवान सिंह, जिला बागवान अधिकारी कमल सैनी, लोक निर्माण विभाग के सत्यवान सिंह, एसटीपी रोहतक धीरेंद्र सिंह, नगर निगम के एक्सईएन मनदीप धनखड़, जल सेवाएं विभाग के अश्वनी राव, उप श्रम आयुक्त विश्व प्रीत सिंह हुड्डा, सहायक श्रम आयुक्त राहुल, जिला खाद्यान्न पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, इंडस्ट्री सेफ्टी एंड हेल्थ रोहतक के असिस्टेंट डायरेक्टर बलराम कुंडू, वॉटर सर्विसेज रोहतक के प्रदीप, लोक निर्माण विभाग के प्रदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के कृष्ण कुमार, जल सेवाएं रोहतक के अंकित कुमार, बिजली निगम के शिवम, कृषि विभाग के देवेंद्र, नगर निगम के सुनील कुमार तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के राजेश सोनी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### ये बनाए सेक्टर मजिस्ट्रेट

नगर निगम रोहतक के सुनील कुमार चुघ, एचएसआईडीसी रोहतक के यश वर्मा, एचएसवीपी रोहतक के सुमेर सिंह, वीटा कोऑपरेटिव सोसायटी के एजीएम अमित कुमार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के राजेश रोहिल्ला, जिला माइनिंग ऑफिसर बलराम, जल सेवाओं के एसडीओ अशोक कुमार बंसल, पंचायती राज विभाग के एसडीओ अतुल, एचएसआईआईडीसी के असिस्टेंट मैनेजमेंट इंजीनियरिंग राजीव कुमार, लोक निर्माण विभाग के मनीष कुमार, एचएसवीपी विभाग के डीडीए करण सिंह, कृषि विभाग के विकास, जल सेवाएं विभाग के सतीश कुमार, नाबार्ड के डीडीएम अंकित दहिया, कंस्ट्रक्शन डिविजन के एसडीओ संजीव कुमार, जिला उद्योग केंद्र के सहायक निदेशक सुरेश कुमार, हैफेड के डीएम अनूप नैन बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट ड्यूटी करेंगे।

## देश में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच जंग चल रही : दीपेन्द्र हुड्डा

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रविवार को घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत रेलवे रोड इलाके में डोर टू डोर संपर्क किया। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली तानाशाही की पराकाष्ठा है। देश में तानाशाही और लोकतंत्र के बीच में जंग चल रही है, लेकिन अंत में जीत लोकतंत्र की ही होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कुशासन जैसे जरूरी मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही सरकारी तंत्र, सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। डोर टू डोर संपर्क अभियान में विधायक बीबी बतरा भी दीपेंद्र के साथ रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के इशारे पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर उसे आर्थिक रूप से अक्षम करने की कोशिश लोकतंत्र पर हमला है। जो नेता सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने की कोशिश करता है उस पर पूरा सरकारी तंत्र हमलावर हो जाता है। वहीं यदि विपक्ष का कोई नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो ईडी, सीबीआई के तमाम मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दीपेंद्र ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर रुके हुए मंजूरशुदा काम युद्ध स्तर पर पूरे कराएंगे।


महम। फूलों और रंगों की होली खेलते विधायक बलराज कुंडू, धर्मपत्नी परमजीत कुंडू और उनके साथ मौजूद बाबा कालीदास व अन्य।

## हजपा ने महम में निकाली तिरंगा यात्रा, होली मिलन समारोह मनाया

- केजरीवाल को चुनाव के वक्त जेल में डालने की घटना लोकतंत्र के लिए खतरा : बलराज कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

हरियाणा जनसेवक पार्टी द्वारा आज महम में तिरंगा यात्रा व होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। तिरंगा यात्रा की अगुवाई महम से निर्दलीय विधायक एंव हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू और उनकी पत्नी परमजीत कुंडू ने की। महम के दीवान फार्म में कुंडू और उनके परिवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्योहार मनाया। होली मिलन समारोह में पहुंचे लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। कुंडू ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में रोहतक से बाबा काली दास ने भी शिरकत की। हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने कहा है कि चुनाव के इस दौर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने की घटना लोकतंत्र के लिए खतरा है।

### घटना की निंदा

विधायक बलराज कुंडू ने कहा कि वे इस घटना की निंदा करते हैं। देश के आज चुनाव हो रहे हैं। चुनाव के समय में ऐसा करना बिल्कुल गलत है। यदि वे दोषी हैं तो उन्हें दो महीने बाद भी गिरफ्तार किया जा सकता था। उनके खिलाफ सबूत भी नहीं हैं। फिर भी गिरफ्तार कर लिया गया है। देश के इतिहास में ऐसी घटना पहली बार हुई है, जब चुनाव चल रहा हो और किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया हो।


महम। पत्रकारों को संबोधित करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा। फोटो : हरिभूमि

## सीएम नायब सिंह सैनी महम में 6 अप्रैल को धूमधाम से मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**महम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत भाजपा के कई नेता 6 अप्रैल को महम पहुंच रहे हैं। वे यहां महम की अनाज मंडी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। इस दौरान रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। 6 अप्रैल को महम में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ महम नपा के वाइस चेयरमैन बसन्त लाल गिरधर, पंचायत समिति महम के अध्यक्ष नवनीत राठी व नरेश बड़ाभैण समेत कई पार्टी कार्यककर्ता मौजूद थे।



## भारतीय सभ्यता व संस्कृति से करवाया रूबरू

**कलानौर।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान रविवार को विद्यार्थियों ने पक्षिओं को अनाज व पशुओं के लिए जल की व्यवस्था की। सुबह के सत्र में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजकुमार वत्स रहे। उन्होंने बताया कि जो सत्य को जिन्दा रखेगा, उसी का ही कल्याण होगा। स्वरचित देश भक्ति गीतों से विद्यार्थियों को देश-प्रेम के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता व संस्कृति से भी रूबरू करवाया गया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. नीरज अनेजा ने स्वयंसेविकाओं को वित्तीय साक्षरता के महत्व तथा वित्त को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के तरीके बताए। दूसरे सत्र में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वंयसेविकाओं ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों जैसे जल संरक्षण, वोटर अवेयरनेस, देशभक्ति आदि को रंगोली के माध्यम से दर्शाया।



## नवीन जयहिंद ने मनाया होली मिलन समारोह

**रोहतक।** नवीन जयहिंद और उनके साथियों ने रोहतक के सेक्टर-6 स्थित टैंट में होली मिलन समारोह और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर नवीन जय हिंद और उनके साथियों ने गौरी गाय और उसके बछड़े के साथ भी होली खेली। जयहिंद ने युवाओं से अपील की है कि युवा किसी भी तरीके की ऐसी हरकत ना करें, जिससे कानून और सामाजिक व्यवस्था बिगड़े। साथ ही शराब पी वाहन न चलाएं। भाईचारे के साथ इस त्यौहार को गुलाल और पानी के साथ मनाएं। प्रदेश में लाखों बुजुर्गों, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बनवाने वाले दादा दुलीचंद भी नवीन जयहिंद को होली की बधाई देने समारोह में पहुंचे।

## भैसरू में भिड़े पहलवान, दिया नकद इनाम

**रोहतक।** होली पर गांव भैंसरू खुर्द में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। ग्रामीण खेल कमेटी द्वारा आयोजित इस दंगल में राहुल सहरावत व सोनू पहलवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने प्रथम नंबर की कुश्ती मुकाबले के लिए एक लाख 51हजार रुपए नकद पुरस्कार के तौर पर दिए। दंगल में प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी पहलवानों ने भाग लिया। सभी श्रेणी के विजेता पहलवानों को नगद इनाम राशि दी गई। मुख्य अतिथियों ने विभिन्न श्रेणी में कुश्ती मुकाबले के लिए पहलवानों के परस्पर हाथ मिलवाए। इस दौरान राहुल सहरावत ने कहा कि कुश्ती एवं खेल हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।


रोहतक। कुश्ती दंगल में मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि राहुल सहरावत एवं अन्य।